# नए शैक्षिक सत्र में अधिक से अधिक बच्चों के नामांकन में सहयोग करें

कार्यालय संवाददाता,पीलीभीत

**अमृत विचारः** विद्यालय प्रबंध समिति का बुधवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण नगर क्षेत्र के यूआरसी भवन में हुआ। इसमें नगर के समस्त 17 विद्यालय के अध्यक्ष एवं सचिव ने प्रतिभाग किया।

खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण आरंभ कराया। मास्टर ट्रेनर अमित कुमार शर्मा, नजमुल हसन कादरी, खतीबुल हसन रहे। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रबंध समिति के सदस्यों को उनके कार्य एवं दायित्व के बारे में बताया।



विद्यालय प्रबंध समिति पदाधिकारियों को संबोधित करते खंड शिक्षा अधिकारी।

उन्होंने कहा कि नए शैक्षिक सत्र के लिए अधिक से अधिक संख्या में बच्चों का नामांकन हो इसके लिए सहयोग मांगा। विद्यालय में प्रतिमाह होने वाली बैठक की उपयोगिता के बारे में सभी को जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में 34 लोगों ने प्रतिभाग किया ।

## रोडवेज बसों के बढ़ाए गए थे फेरे, 70 लाख रुपये कमाई हुई, सबसे अधिक आमदनी दिल्ली रूट पर रही

# होली पर परिवहन निगम ने 65,212 यात्रियों को मंजिल तक पहुंचाया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** होली पर चलाए गए विशेष अभियान के दौरान पीलीभीत डिपो ने तीन दिन में 70 लाख रुपये की आमदनी की। परिवहन निगम को सबसे अधिक कमाई दिल्ली और बरेली रूट से हुई है। परिवहन निगम ने होली पर 65,212 यात्रियों को उनकी मंजिल तक पहुंचाया।

जिले में रोडवेज की ओर से विभिन्न मार्गों पर 102 बसें संचालित होती हैं। इनमें 93 बसें परिवहन निगम की और नौ अनुबंधित हैं। पीलीभीत डिपो से बरेली, दिल्ली, बदायूं, मथुरा, आगरा, लखनऊ, लखीमपुर, बीसलपुर, पूरनपुर समेत विभिन्न रूटों पर बसें चलती हैं। होली पर बढ़ी संख्या में दिल्ली और अन्य राज्यों से आने वाले यात्रियों की संख्या पूरनपुर और बीसलपुर क्षेत्र में अधिक रहती है। इसलिए होली पर हर रूट पर बसें बढ़ा दी गई थीं। लोकल रूटों पर फेरे बढ़ाए गए थे। रोडवेज की ओर से बरेली रूट पर बसों की संख्या आठ से बढ़ाकर 15 कर दी गई थी। दिल्ली रूट पर 15, लखनऊ रूट पर तीन, मथुरा रूट पर दो, टनकपुर रूट पर पांच, रुद्रपुर रूट पर एक, गभिया सहराई बायां खटीमा दिल्ली रूट पर एक बस बढ़ाई गई थी।

रोडवेज प्रबंधन ने 21 मार्च से एक अप्रैल तक स्पेशल बसों का संचालन की प्लानिंग की गई थी। सबसे अधिक सवारियां दिल्ली रूट पर रहीं। होली पर 21 से 23 मार्च तक कुल 65,212 यात्रियों ने रोडवेज बसों में सफर किया। औसतन विभिन्न रूटों पर चलने वाली बसों में करीब 14 से 16 हजार के बीच प्रतिदिन यात्रियों ने सफर किया। इसमें सबसे अधिक सवारी दिल्ली और बरेली रूटों पर निकली थी। इसके बाद 24 और 25 मार्च को बसों में सवारियां नाम मात्र की रहीं। 26 मार्च को सिर्फ 12485 हजार सवारियों ने सफर किया। इस तरह होली पर रोडवेज ने करीब 70 लाख से अधिक की आमदनी की है।

### होली हुई, अब वापस लौटने लगे कामगार

जिले से बढ़ी संख्या में लोग दूसरे प्रदेशों में काम करने के लिए जाते हैं। दिल्ली, पंजाब, मुंबई, हरियाण, हिमाचल समेत कई प्रदेशों में काम करने वाले लोग होली मनाने के लिए अपने घर आए थे। होली के बाद उनके काम पर लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। रोडवेज की ओर से अभी बसों में करीब एक सप्ताह तक भीड़ अधिक होने की संभावना जताई जा रही है।

### अब पूर्णागिरि मेले को लेकर कर रहे इंतजाम

अब पीलीभीत डिपो की ओर से टनकपुर रूट पर बसें बढ़ाने की तैयारी है। अभी तक टनकपुर रूट पर पांच बसें संचालित हो रही थीं। होली के बाद पूर्णागिरि मेला चालू हो जाता है। इससे टनकपुर रूट पर यात्रियों की भीड़ रहती है। इसको लेकर इस रूट पर अभी 13 बसें चलाई जा रही हैं, जो दिन भर विभिन्न समय के अंतराल पर रहेंगी। साथ ही चेकिंग के लिए स्टाफ भी लगाया गया है। इनमें सभी चालकों को प्रत्येक स्टॉप पर रुकने के निर्देश दिए हैं।

"होली पर यात्रियों को दिक्कत न होने पाए इसलिए 21 मार्च से स्पेशल बस सेवा चालू की गई थी। जिन रूटों पर अधिक सवारियां थी। उन पर फेरे बढ़ाने के साथ ही बसें भी बढ़ाई गई थी। इस होली पर तीन दिन के भीतर 70 लाख से अधिक की आय हुई है। होली पर बसें चलाने वाले चालकों-परिचालक को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

**- पवन कुमार श्रीवास्तव**, एआरएम रोडवेज डिपो

## एक नजर

### चचेरे भाइयों ने की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव मुसरहा निवासी ओमकार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार सुबह नौ बजे वह घर में थे। इस बीच चचेरे भाई रंजीत, गोविंद और आकाश ने आकर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की। उसकी चीख सुनकर बचाने पहुंचे भाई अनिल को भी पीटा। घर की महिलाओं से भी मारपीट की गई। आसपास के ग्रामीणों के जमा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच करा रहे है।

### पेड़ की टहनी गिरने से आवागमन बाधित

**पूरनपुर।** माधोटांडा रोड पर एक स्कूल के बाहर पाकड़ का पेड़ था। बुधवार शाम अचानक पेड़ की एक बड़ी टहनी अचानक गिर गई। इसकी चपेट में आकर एक ग्रामीण को चोटें आई। हादसे के बाद लोगों ने पहुंचकर उसे बाहर निकाला। मगर बीच सड़क पर टहनी गिरने से आवागमन बाधित हो गया। इससे दोनों तरफ वाहनों की कतार लगी रही। करीब आधे घंटे बाद राहगीरों ने मिलकर टहनी को रोड से हटाया। इसके बाद वाहनों का आवागमन चालू हो सका।

# संडा गांव के ईद-गिर्द मंडराता रहा बाघ

## वन कर्मियों की टीम लापता, ग्रामीण करते रहे बाघ की निगरानी, इलाके में दहशत कायम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** बाघ ने संडा के पास मंगलवार को एक युवक को अपना निवाला बना लिया था। बुधवार को भी बाघ संडा गांव के ईद-गिर्द मंडराता रहा। वन विभाग की निगरानी टीम मौके से गायब रही। ग्रामीण एकत्र होकर बाघ की निगरानी करते रहे। गांव वाले देर शाम तक खेतों में मौजूद रहे।

- **मंगलवार को बाघ ने हमला कर एक युवक को बना लिया था निवाला**

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज से सटे इलाकों में जंगल से निकले बाघों की दहशत कायम है। एक दिन पूर्व न्यूरिया क्षेत्र के गांव सेमनगर निवासी युवक दिलीप सिंह का क्षत-विक्षत शव संडा गांव के समीप गेहूं के खेत में पड़ा मिला था। इसका पता लगने पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई थी। ग्रामीणों का कहना था कि बाघ हमले में युवक की मौत हुई है। आक्रोशित ग्रामीणों ने बाघ को पकड़ने की मांग की थी। पुलिस ने छानबीन के बाद युवक के अवशेषों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत बाघ के हमले में होना पाई गई है।

बुधवार को बाघ संडा गांव के इर्द-गिर्द ही मंडराता रहा। बुधवार दोपहर बाघ दिखने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई। तमाम ग्रामीण खेत के आसपास इकट्ठे हो गए। जहां लोग घंटों डटे रहे। ग्रामीणों का कहना था कि बाघ घटनास्थल के आसपास ही मंडरा रहा है, लेकिन मौके पर कोई जिम्मेदार अफसर या कर्मचारी नहीं पहुंचा। ग्रामीणों के अनुसार यदि इस बाघ को नहीं पकड़ा गया तो फिर अनहोनी हो सकती है। फिलहाल घटना के बाद से संडा और सेमपुर गांव के लोगों में खासी दहशत है।



संडा गांव के पास बाघ की निगरानी के लिए एकत्र ग्रामीण। ● अमृत विचार

### दिलीप की शादी के लिए चल रही थी बात

चाचा शिवकुमार ने बताया कि दिलीप तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था। दिलीप की मां की मौत कई साल पूर्व हो चुकी है। दिलीप अविवाहित था। उसकी शादी की बात चल रही थी। उन्होंने बताया कि दिलीप मंगलवार सुबह करीब साढ़े सात बजे घर से खेत पर जाने की कहकर घर से निकला था। परिवार वालों को घटना की जानकारी शाम करीब चार बजे के आसपास हुई थी।

### जानवर के हमले में हुई थी दिलीप की मौत

**पीलीभीत।** सेमपुर गांव निवासी दिलीप कुमार का क्षत विक्षत (कंकाल नुमा) शव मिलने पर पुलिस व परिजन बाघ के हमले में मौत होने की बात कह रहे थे। जबकि वन विभाग के अधिकारी संशय जता रहे थे। बुधवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मामला स्पष्ट हो गया। रिपोर्ट के अनुसार दिलीप की मौत जानवर के हमले में हुई थी। इसकी पुष्टि होने के बाद परिजन और ग्रामीणों की बात सही साबित हुई।

"बाघ की लोकेशन संडा व सेमपुर गांव के आसपास देखी जा रही है। मॉनीटरिंग को टीमें लगी हुई हैं। उच्चाधिकारियों से बाघ को ट्रेंकुलाइज कर पकड़ने की अनुमति मांगी गई है। अनुमति मिलने के बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

**- अंजनी कुमार श्रीवास्तव**, उप प्रभागीय वनाधिकारी, सामाजिक वानिकी प्रभाग

"युवक का क्षतविक्षत शव संडा गांव के पास मिला था। अवशेषों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दिलीप की मौत जानवर द्वारा खाए जाने से होने की पुष्टि हुई है।

**- प्रदीप बिश्नोई**, एसओ न्यूरिया

## रंजिशन महिला के घर में घुसकर किया हमला, एफआईआर

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** ग्राम गहलुईया निवासी लौंगश्री पत्नी प्यारेलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका गांव के वीरपाल, सोहनलाल और सियाराम से विवाद चल रहा है। 26 मार्च की शाम करीब साढ़े चार बजे वह घर पर कामकाज कर रही थी। इसी बीच तीनों आरोपी आकर गाली गलौज करने लगे। इसका विरोध करने पर आरोपियों ने हमला कर पिटाई कर दी। वीरपाल ने बांका से बार कर दिया, जिसमें वह लहूलुहान हो गई। चीख पुकार सुनकर बेटा गोकिल प्रसाद व परिवार के अन्य सदस्य बचाने पहुंचे। इस पर हमलावर धमकी देकर भाग गए। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायल महिला का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच करा रहे हैं।

उधर, शहर के मोहल्ला सुनगढ़ी निवासी रामचंद्र का अपने पड़ोसी रवि से मनमुटाव चल रहा है। मंगलवार को घर के बाहर कूड़ा डालने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। शोर सुनकर पहुंचे पड़ोस के लोगों ने दोनों पक्षों को अलग किया।

# रोटरी के होली मेले में गीतों पर झूमे दर्शक



होली मेले में कार्यक्रम प्रतुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

- **लखनऊ से आए हास्य कलाकार ने लोगों को हंसाया**

**अमृत विचारः** रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन के दो दिवसीय होली मेले में पहले दिन फ्रेंडशिप बैंड के कलाकारों ने जमकर धूम मचाई। गायकों के नए-पुराने तराने सुनाने सुनाए, जिससे दर्शक झूम उठे। लखनऊ से आये हास्य कलाकार ने लोगों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया।

नगर के श्री रामलीला ग्राउंड में रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन की ओर से आयोजित दो दिवसीय होली मेला व होली मिलन कार्यक्रम मंगलवार शाम शुरू हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, क्लब अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, सचिव प्रशांत गुप्ता मेला डायरेक्टर संदीप गुप्ता, जोन कोऑर्डिनेटर डा. दिनेश गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ किया। आरएसआरडी स्कूल के बच्चों ने गणेश वंदना और सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। लखनऊ से आए कॉमेडियन अरशद खान ने लोगों को खूब हंसाया। फ्रेंडशिप बैंड के कलाकारों ने गीत संगीत कार्यक्रम पेश किया। राइजिंग स्टार शिवम ने बॉलीवुड के नए और पुराने गाने सुनाए। दिल्ली से आए ग्रुप ने आकर्षक डांस का प्रदर्शन किया।

संचालन रिचा ने किया। कार्यक्रम में ऋतुराज पासवान, राजेश खन्ना, विनय गुप्ता, अमरजीत सिंह, हर्ष गुप्ता, नीरज गुप्ता, दीपक अग्रवाल, मधुर आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक का संस्कारी होना जरूरीः डायट प्राचार्य

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचारः** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे तीन दिवसीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति संबंधी अभिमुखीकरण प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हो गया। इस दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित विभिन्न जानकारियां अध्यापकों से साझा की गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का संक्षिप्त परिचय और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2023 का परिचय बताया गया।

प्रशिक्षण के दौरान पाठ्यचर्या पर चर्चा हुई। भारतीय ज्ञान प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आधुनिक समय में शिक्षा में प्रौद्योगिकी के महत्व से परिचित कराया गया व साइबर सुरक्षा की जानकारी दी गई। शारीरिक शिक्षा एवं कल्याण, समावेशी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, संप्रेषण कौशल एवं व्यवहार, मूल्यांकन एवं आकलन पर भी चर्चा की गई। बीते दिनों हुए विभिन्न सर्वे को लेकर बात की गई।



प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र के साथ प्रतिभागी। ● अमृत विचार

- **डायट में तीन दिवसीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रशिक्षण संपन्न**

डायट प्राचार्य महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि अध्यापक का संस्कारी और अच्छे से प्रशिक्षित होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण के नोडल श्रीकांत मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक स्तर पर नवीनीकरण की आवश्यकता महसूस होती है। मास्टर ट्रेनर डॉ नवनीत आनंद वर्मा, अनिल कुमार यादव ने प्रशिक्षण से संबंधित विभिन्न व्यापक जानकारियां दीं। इस मौके पर डायट प्रवक्ता अमित कुमार गंगवार, प्रवेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, मेघा अग्रवाल, स्वदेश कुमार, आशा सुमन, स्मिता लोधी, अमित कुमार शर्मा, नीलेश नाथ आदि मौजूद रहे। सभी को प्रमाण पत्र भी दिए गए।

# प्रमुख मुख्य अभियंता ने किया विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर ने पीलीभीत-शाहगढ़ रेलखंड के बीच कराए गए विद्युतीकरण कार्यों का बुधवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा एवं संरक्षा मानकों की गहनता से पड़ताल की और गुणवत्ता देखी। 30 मार्च को इस रेलखंड पर सीआरएस निरीक्षण होना है। संरक्षा आयुक्त से हरी झंडी मिलने के बाद ही ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाएगा।

पीलीभीत-शाहगढ़ रेलखंड के बीच कई सालों से चल रहा आमान परिवर्तन कार्य पूरा हो चुका है। इस रेलखंड पर विद्युतीकरण कार्य भी पूरे कराए जा चुके हैं। इस बीच अधिकारियों द्वारा कई स्तर पर रेलवे ट्रैक का निरीक्षण किया गया। अब तक निरीक्षण के दौरान सब कुछ ठीक-ठाक पाया गया। इधर, बुधवार को पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर संजीव सिंघल ने पीलीभीत-शाहगढ़ रेलखंड पर कराए गए विद्युतीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पीलीभीत रेलवे स्टेशन पर सुबह करीब 10:30 बजे विधि-विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद ट्रैक पर निरीक्षण शुरू किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेलखंड में पड़ने वाले सभी समपार फाटकों , स्विचिंग पोस्ट, हॉल्ट एवं स्टेशन आदि को देखा। करीब साढ़े तीन घंटे के निरीक्षण के दौरान उन्होंने 25 हजार वोल्ट रेल विद्युतीकरण खंड में लगाए गए सभी सुरक्षा एवं संरक्षा मानकों की गहनता से पड़ताल की। उन्होंने अधिकारियों से इस रेलखंड पर कराए गए विद्युतीकरण कार्यों के बारे में बिंदुवार जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान मुख्य वितरण इंजीनियर सुरेश कुमार, विद्युत रेल विकास निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक एस पी एस यादव , वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर सामान्य मनीष गंगवार, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर टीआरडी मनोज मिश्रा, सहायक मंडल अभियंता सुरेंद्र कुमार, सहायक परिचालन अधिकारी कुमारी रितिका, आरवीएनएल के सेक्शन प्रभारी कृष्ण मोहन विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।



माला रेलवे स्टेशन पर विद्युतीकरण कार्यों का जायजा लेते प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर संजीव सिंघल व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

- **पीलीभीत-शाहगढ़ रेलखंड पर सा ढ़े तीन घंटे चले निरीक्षण के दौरान सुरक्षा-संरक्षा मानक चेक किए, कार्यों की गुणवत्ता परखी**

### अब सीआरएस की हरी झंडी का इंतजार

पीलीभीत-शाहगढ़ रेलखंड का मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त 30 व 31 मार्च को निरीक्षण करेंगे। उनके निरीक्षण में यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो अगले माह में पीलीभीत से मैलानी, लखीमपुर, सीतापुर होते ही राजधानी लखनऊ के बीच ट्रेनों का संचालन शुरू करा दिया जाएगा।

# मां पूर्णागिरि के दर्शन को श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



मां दुर्गा की प्रतिमा का पूजन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, घुंघचिहाई

**अमृत विचारः** कस्बे से उत्तराखंड के मां पूर्णागिरि दरबार के लिए भक्तों का जत्था बुधवार को रवाना हुआ। गाजे-बाजे के साथ कस्बे की गलियों में घूमने के बाद श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए बालाजी मंदिर पर पहुंचे।

यहां मां दुर्गा और बालाजी की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद पदयात्रा करते हुए माता के दरबार में हाजिरी लगाने को निकल पड़े। ग्रामीणों ने उनकी हौसला अफजाई की। भजनों पर कलाकारों ने मनमोहक झांकियां प्रस्तुति कीं। पदयात्रा में करीब 300 भक्त शामिल हैं।

पदयात्रा की कमेटी में डॉ. सागर विश्वास, रंजीत यादव, राजकुमार यादव, मयंक मिश्रा ,कमलजीत यादव, प्रधान पति सुनील पासवान ने मंगल यात्रा की कामना की।

**अव्यवस्था** होली पर सफाई के लिए बनाई गई थीं 27 टीमें, शहर में विशेष सफाई अभियान चलाने का किया था दावा, कहीं नजर नहीं आए सफाई कर्मी

# नगर पालिका का दावा हवा हवाई ...होली से अब तक सड़कों पर नहीं हुई सफाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** नगर पालिका ने होली पर विशेष सफाई अभियान चलाने का दावा किया था, जो पूरी तरह हवाई साबित हुआ। अधिकारियों व कर्मचारियों के छुट्टी पर होने कारण शहर की सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है। होली पर गली-मोहल्लों से लेकर शहर की मुख्य सड़कों पर गंदगी और कूड़ा पटा रहा। होली के अगले दिन तमाम गली मोहल्लों में कूड़े के ढेर लगे रहे हैं। कूड़े के ढेरों से निकलती गंदगी से लोग खासे परेशान रहे।

नगर पालिका की ओर से त्योहार पर साफ सफाई और पेयजल आपूर्ति का दावा किया गया था। इसके लिए कर्मचारियों की 27 टीमें गठित की गई थीं। मगर होली के दिन शहर में एक भी टीम दिखाई नहीं दी। होली के अगले दिन भी अधिकतर स्थानों पर सफाई नहीं हुई। बुधवार को भी गली-मोहल्लों और मुख्य सड़कों पर कूड़े के ढेर लगे दिखाई दिए। शहर के प्रमुख चौराहा गौहनिया, छतरी, सुनगढ़ी तिराहा, गांधी स्टेडियम रोड, गैस चौराहा, बिजली घर तिराहा पर सफाई देखने को मिली। मगर शहर के भीतर की स्थिति बदहाल देखने को मिली। शहर के मोहल्ला डालचंद, बेनी चौधरी, दूधिया मंदिर सड़क, बाग गुलशेर खां, पंजाबियान, लोहा मंडी, गफ्फार खां, तखान, खुदागंज, शिवनगर कॉलोनी, राजाबाग कालोनी, होली चौराहा और लाल रोड की सड़कें और चौराहों पर कूड़े के ढेर लगे रहे। आलम यह रहा कि हर 10 कदम पर कूड़े का ढेर और नालियों की गदंगी पड़ी है। सामान्य दिनों में शहर में करीब 70 मीट्रिक टन कूड़ा निकलता है। जिसका उठान दिन भर में हो पाता है, लेकिन होली पर दो दिनों के भीतर करीब 100 मीट्रिक टन से अधिक कूड़े का ढेर शहर में लगा। जो शहरवासियों के लिए मुसीबत बना हुआ है।



एकता सरोवर को जाने वाली सड़क पर लगे कूड़े के ढेर से उठता धुआं।



शहर में एकता सरोवर के पीछे वाली गली में लगा कूड़े का ढेर।

- **गली-मोहल्ले से लेकर मुख्य मार्गों तक गंदगी के ढेर, बदबू से लोग परेशान**

"होली की वजह से गंदगी अधिक है। धुलेंडी पर पूरी तरह से उठान नहीं हो सका था। सभी स्थानों पर सफाई कराई जा रही है। समस्त सफाई नायकों को अपने-अपने वार्डों में सफाई कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**- लालचंद भारती**, ईओ नगरपालिका पीलीभीत



दूधिया नाथ मंदिर रोड पर लगा कूड़े का ढेर। ● अमृत विचार



शहर की शिव नगर कॉलोनी में होलिका दहन के बाद सड़क पर फैली राख।

रमज़ान मुबारक
सत्रहवां रोज़ा इफ्तार 28 मार्च 2024
सुन्नी - 06:30 बजे
शिया - 06:37 बजे
अठाहरवां रोज़ा सहरी 29 मार्च 2024
सुन्नी - 04:41 बजे
शिया - 04:33 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
केजीएन ब्रिक फील्ड, देवीपुरा
नफीस अहमद
मो. 9412433389

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# लाव लश्कर के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे जितिन प्रसाद, कराया नामांकन

## जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव, सभी विधायक रहे मौजूद, अन्य दलों व निर्दलीयों समेत 11 प्रत्याशियों ने दाखिल किया पर्चा, नकटादाना चौराहे से कलेक्ट्रेट तक रही गहमा-गहमी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद ने बुधवार को पार्टी के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन बुधवार को कुल 12 प्रत्याशियों अपना नामांकन कराया। आखिरी दिन कलेक्ट्रेट परिसर में खासा गहमा-गहमी का माहौल रहा। भीड़ को देखते हुए कलेक्ट्रेट में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे।

पीलीभीत लोकसभा सीट पर प्रथम चरण में होने वाले मतदान को लेकर चल रही नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन बुधवार को कलेक्ट्रेट में खासी भीड़ रही। भाजपा प्रत्याशी एवं कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद मां यशवंतरी देवी मंदिर में मत्था टेकने के बाद काफिले के साथ कलेक्ट्रेट अपना नामांकन कराने पहुंचे। इस दौरान उनके साथ जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव व सभी विधायक मौजूद रहे। उन्होंने नामांकन कक्ष में पहुंचकर रिटर्निंग आफीसर संजय कुमार सिंह के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।

इस दौरान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, विधान परिषद सदस्य डॉ. सुधीर गुप्ता, जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान मौजूद रहे।

जितिन प्रसाद के अलावा भारतीय कृषक दल के राजीव कुमार सक्सेना, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के प्रमोद कुमार पटेल, युवजन क्रांति पार्टी के बलवान सिंह, भारत जोड़ो पार्टी के प्रत्याशी इब्राहिम, निर्दलीय प्रत्याशी मुनेश सिंह, सुशील कुमार शुक्ला, विचिन पाल, आशीष कुमार, सत्येंद्र कुमार मौर्या समेत 11 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा के खासे बंदोबस्त रहे।

सुरक्षा की दृष्टि सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, सीओ सिटी सदर प्रतीक दहिया समेत पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



नामांकन पत्र दाखिल करते भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद। ● अमृत विचार



नामांकन के बाद जितिन प्रसाद व जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।



नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट तिराहे पर मौजूद पुलिस बल और बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार

### आज होगी नामांकन पत्रों की जांच

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को नाम निर्देशनों की जांच होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 मार्च निर्धारित की गई है।



नामांकन कक्ष के गेट पर प्रत्याशी से प्रस्तावकों की जानकारी लेते सिटी मजिस्ट्रेट।

### जितिन प्रसाद करोड़ों की संपत्ति के मालिक

भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद द्वारा दाखिल किए शपथ पत्र के अनुसार उनके पास 50 हजार रुपये नकद हैं, जबकि बैंकों में 1,12,74,601 रुपये जमा हैं। उन्होंने शेयर मार्केट में भी निवेश किया है। जिसके अनुसार उनके पास 3,47,30428 रुपये के शेयर और डिबेंचर आदि हैं। साथ ही उनके व उनकी पत्नी के पास खासी जमीन जायदाद भी है। उनके नाम 4 .96 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि, मकान, कोठी, फ्लैट और दुकानें हैं। जिनकी कुल कीमत 16 करोड़ रुपये से अधिक है। जितिन प्रसाद हथियारों के भी शौकीन हैं। शपथपत्र के अनुसार उनके पास 0 .22 बोर की पिस्टल, 0 .12 बोर की बंदूक और एक डैगर भी है। वहीं, उनकी पत्नी नेहा प्रसाद के पास 50 हजार नकद और बैंकों में उनके नाम 5,67,18825 रुपये जमा हैं। उनके पास 1,43,60000 के जेवरात एवं 0 .22 बोर की राइफल का लाइसेंस और 0 .12 बोर की एक बंदूक है।

### टनकपुर हाईवे पर कई बार लगा जाम



बुधवार को नामांकन के दौरान टनकपुर हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही। टनकपुर तिराहे पर प्रत्याशी और उनके समर्थकों की गाड़ियां पहुंचने से जाम की स्थिति पैदा हो गई। व्यवस्था दुरुस्त कराने में अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के पसीने छूट गए। दोपहर में नकटदाना चौराहे से गौहनिया चौराहे तक जाम की स्थिति रही। इस दौरान हाईवे पर दिन में कई बार जाम की स्थिति बनी।

### बेरीकेडिंग पार कर कचहरी तिराहा पहुंचा काफिला

भाजपा प्रत्याशी के नामांकन को लेकर उनके समर्थकों का उत्साह चरम पर था। काफिले में शामिल कई गाड़ियां और समर्थक प्रत्याशी के साथ ही सीधे कचहरी तिराहे पर जा पहुंचे। हालांकि प्रत्याशियों के साथ आने वाले जुलूस को रोकने के लिए नकटादाना चौराहे पर बेरीकेडिंग की गई थी। बताते हैं कि जिस समय काफिला गुजरा, उस दौरान वहां कोई अधिकारी मौजूद था।

### कहासुनी के बाद भाई को पीटा

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जसौली दिवाली निवासी ओम प्रकाश पुत्र जमादार ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि मंगलवार रात वह अपने घर में थे। इस दौरान उसका छोटा भाई नशे की हालत में आया और गाली गलौज शुरू कर दी। उसके विरोध करने पर बौखलाए छोटे भाई ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अबकी बार...चार लाख के पार का नारा दे गए प्रदेश अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के नामांकन कराने के बाद यशवंतरी देवी मंदिर प्रागंण में जनसभा का आयोजन किया गया। जहां जनता का समर्थन मांगने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह, बरेली लोकसभा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार, शाहजहांपुर लोकसभा प्रत्याशी अरुण सागर, जिला प्रभारी गुलशन आनंद, जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, पूरनपुर विधायक बाबू राम पासवान, विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा समेत तमाम पदाधिकारी शामिल हुए।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा जनकल्याणकारी योजनाओं को सर्व समाज को देने का कार्य किया है। पूरी सिद्दत के साथ बिना धर्म, जाति, पंथ से ऊपर उठकर आम जनमानस तक पहुंचाया है, और आगे भी पहुंचाते रहेंगे। उन्होंने भाजपा के रिपोर्ट कार्ड के साथ पार्टी प्रत्याशी के लिए जनसमर्थन मांगते हुए जिले को नारा दिया-अबकी बार, चार लाख के पार। प्रदेश अध्यक्ष ने इसे सार्थक बनाने पर जोर दिया।

भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद ने कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे पीलीभीत की जनता का सेवा करने का मौका मिला है। किसी को निराशा नहीं होगी। समस्त जनप्रतिनिधियों के कंधे से कंधा मिलाकर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही आगामी योजनाओं का लाभ गरीब परिवारों तक पहुंचाने का काम करेंगे। निश्चित रूप से अबकी बार लोकसभा सीट पर भाजपा की जीत चार लाख से अधिक वोटों से होगी। इस मौके पर ललौरीखेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय गंगवार, मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, अमरिया ब्लॉक प्रमुख निशांत सिंह, बीसलपुर ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा, बिलसंडा ब्लॉक प्रमुख महिपाल सिंह, बरखेड़ा ब्लॉक प्रमुख एवं जिला उपाध्यक्ष कमलेश गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, पूरनपुर चैयरमेन शैलेन्द्र गुप्ता, बीसलपुर चेयरमेन प्रतिनिधि निक्की जायसवाल, मझोला चैयरमेन निशांत प्रताप सिंह, धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



जनसभा के दौरान मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व जितिन प्रसाद का फूल माला पहनाकर स्वागत करते पार्टी पदाधिकारी व समर्थक। ● अमृत विचार

● भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने रिपोर्ट कार्ड के जरिए मांगा जनसमर्थन

### प्रदेश में रिकार्ड मतों से जिताएंगे पीलीभीत सीटः निषाद

**पीलीभीत।** पीलीभीत लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के नामांकन के दौरान बुधवार को दिन भर भाजपा के नेताओं का जमावाड़ा रहा और सभाएं हुईं। वहीं, दोपहर बाद निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद भी पीलीभीत पहुंचे। उन्होंने शहर के एक होटल में प्रेसवार्ता कर जितिन प्रसाद की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि पीलीभीत सीट को प्रदेश भर में सबसे अधिक मतों से जीत दिलाएंगे। इसके लिए एनडीए गठबंधन की पूरी तैयारी है। कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा कि निषाद पार्टी और उनका पूरा समाज भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद को समर्थन देता है। इस सीट पर भाजपा की जीत तो पहले से तय है, केवल पूरे प्रदेश में पीलीभीत सीट को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाना है। इसके लिए भाजपा के साथ निषाद पार्टी के कार्यकर्ता और समाज के लोग बढ़ चढ़कर सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने तो मछुआर और कश्यप समाज के विभिन्न लोगों का शोषण ही किया है। चुनाव के बाद कोई हाल जानने वाला नहीं होता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में ही यह संभव हो सका है कि इस समाज को दोबारा से हक मिला। निषाद पार्टी पूरे तन मन से भाजपा के साथ खड़ी है। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद, एमएलसी डॉ .सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, भाजपा के लोकसभा चुनाव के मीडिया प्रभारी धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट, आनंद मिश्रा, स्वतंत्र देवल आदि मौजूद रहे।



कैबिनेट मंत्री संजय निषाद।

# पूर्णागिरि धाम मेला शुरू, ट्रेनों में नहीं मिल रही सीट

**पीलीभीत, अमृत विचार:** होली के बाद पूर्णागिरि धाम मेले की शुरुआत हो चुकी है। जिले ही नहीं बल्कि भारी जिलों और राज्यों से भी लोग माता के दर्शन के लिए टनकपुर को रवाना होते हैं। लेकिन ट्रेनों में समुचित व्यवस्था न होने के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। रेलवे की ओर से मेला शुरू होने के बावजूद पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए है। जिसके चलते एक दिन पूर्व स्टेशन पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लेकिन ट्रेन में भीड़ अधिक होने की वजह से श्रद्धालु अपने गंतव्य को रवाना नहीं हो सके।

उत्तराखंड के मां पूर्णागिरि दरबार में हर साल की तरह मेला शुरू हो चुका है। यह मेला 30 जून तक चलेगा। मेले में भीड़ भी उमड़ रही है। मंगलवार और बुधवार को भी ट्रेन संचालन की औपचारिक अनुमति नहीं मिल सकी है। परेशानियों के बीच स्थानीय स्तर से रेलवे प्रशासन को इस बारे में रिपोर्ट भेज दी गई है। माना जा रहा है कि ट्रेन संचालन जल्द हो सकता है।

# होली के बाद शुरू हुआ बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में जांचने को शेष रह गईं केवल 9886 कॉपियां

● बुधवार को भी गैरहाजिर रहे डीएचई और कई परीक्षक, डाटा किया गया फीड

**अमृत विचार :** होली निपटने के बाद बुधवार को बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य को गति दी गई। मूल्यांकन कार्य समाप्त कराने के लिए अब चार दिन शेष बचे हैं। दोनों केंद्रों पर 11,504 कॉपियों का मूल्यांकन किया गया।

होली के अवकाश के बाद बुधवार को शहर के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मूल्यांकन कार्य हुआ। कई परीक्षक गैरहाजिर रहे। जिनकी सूचना पोर्टल पर अपलोड की गई। शासन की मंशा है कि 31 मार्च से पहले बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन निपटा दिया जाए। ताकि समयबद्ध तरीके से परिणाम की घोषणा हो सके। ऐसे में जिले में बुधवार को मूल्यांकन कार्य तेजी से किया गया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 3665 कॉपियां शेष रह गई थी। जिनमें 230 परीक्षकों ने 2850 कॉपियों का मूल्यांकन पूरा कर लिया गया। अब सिर्फ 815 कॉपियां जांचने को शेष रह गई है। इस केंद्र पर कुल 88939 कॉपियां आवंटित की गई थी। अब तक 88124 कॉपियां का मूल्यांकन पूरा कर लिया गया है। इसी तरह ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में 203 परीक्षकों ने 8654 कॉपियों को जांच की। यहां 9071 कॉपियों का मूल्यांकन होना बाकी रह गया है। इस केंद्र को 87825 कॉपियां आवंटित हुई थी। इनमें 78754 कॉपियों का मूल्यांकन किया जा चुका है। केंद्र नियंत्रक कॉलेज प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने बताया कि गुरुवार को मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

डीआईओएस गिरजेश कुमार चौधरी ने बताया कि जिले में दो केंद्रों पर मूल्यांकन चल रहा था। गुरुवार तक दोनों ही केंद्रों का मूल्यांकन पूरा कर लिया जाएगा।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को निकाली जागरुकता रैली



रैली को हरी झंडी दिखाते स्वीप कोऑर्डिनेटर शिक्षक इंतजार खान।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह के निर्देश पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को भी जागरुकता कार्यक्रम हुए। स्वीप कोऑर्डिनेटर शिक्षक इन्तज़ार ख़ान ने पौटा कलां में जागरुकता रैली निकाली। यहां विधानसभा चुनाव में 57.35 प्रतिशत मतदान हुआ था। रैली के दौरान मतदान का महत्व बताया गया। इसमें छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। स्वीप पेंटिंग प्रदर्शनी कराई गई। प्रधानाचार्य डॉ. अजय सक्सेना ने कहा कि कॉलेज में इस बार कुछ नये वोटर बने हैं, जो पहली बार मतदान करेंगे। वे मतदान के लिए खासे उत्साहित हैं। बच्चों को परिवार व परिचतों को भी मतदान के लिए जागरुक करने की जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर शिक्षक संजय श्रीवास्तव, हामिद अली, नंदकिशोर आदि मौजूद रहे।

### गालियां देने का विरोध करने पर युवक को पीटा

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव नवादा महेश निवासी सचिन कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 26 मार्च की शाम करीब छह बजे गांव का ही महेंद्र ने उसे इशारा करके बुलाया। जब वह गए तो आरोपी ने अपने एक साथी संग मिलकर गाली गलौज की। विरोध करने पर पिटाई कर दी। चीख पुकार सुनकर बहन नीलम व नीतू पहुंच गई, तो उनके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने मामले में महेंद्र समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


# गंगाशील अस्पताल में विगत ढाई वर्षों में 240 से अधिक कार्डियक सर्जरी-डॉ. विशाल अग्रवाल

## 2021 से लगातार डॉ. विशाल दे रहे हैं गंगाशील अस्पताल में पुनः सेवायें



डॉ. निशान्त गुप्ता

वर्ष 2007 में गंगाशील अस्पताल बरेली मंडल का प्रथम अस्पताल बना जहाँ कार्डियक सर्जरी की शुरुवात हुई थी। वर्ष 2008 से 2011 तक डॉ. विशाल अग्रवाल ने गंगाशील अस्पताल में अपने सेवाएं दी और कार्डिओ थोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी के विभिन्न ऑपरेशन जैसे बायपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट (मिट्रल वाल्व, एओर्टिक वाल्व, डबल वाल्व), वाल्व रिप्लेसमेंट के साथ ट्राइकस्पिड वाल्व रिपेयर, दिल के छेद के ऑपरेशन, लोबेक्टॉमी, एम्बोलेक्टोमी, वेरिकोस वेन का इलाज आदि को सफलतापूर्वक किया वर्ष 2011 से 2021 के दौरान अन्य कार्डियक सर्जन ने अपनी सेवाएं गंगाशील अस्पताल में दी और इस दौरान भी डॉ. विशाल अग्रवाल विजिटिंग चिकित्सक के तौर पर गंगाशील अस्पताल से जुड़े रहे। डॉ. विशाल ने इन दस वर्षो में दिल्ली के विभिन्न कॉर्पोरेट अस्पतालों में अपनी सेवाएं दी और देश - विदेशो के मरीजों का ऑपरेशन किया। इस दौरान दिल्ली में डॉ. विशाल ने जटिल से जटिल कार्डियक ऑपरेशन्स किया और अधिक संख्या में ऑपरेशन करने का अनुभव प्राप्त किया। गंगाशील अस्पताल को पुनः ज्वाइन करने से पूर्व में डॉ. विशाल - मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली, ग़ाज़ियाबाद में बतौर डायरेक्टर - कार्डियक सर्जरी कार्यरत थे।

अब पुनः 2021 से डॉ. विशाल गंगाशील अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे है। उनके साथ कार्डियक सर्जरी की यूनिट में डॉ. हिमांशु (डी. एन. बी. - सी. टी. वी. एस.) - सहयोगी कार्डियक सर्जन, डॉ. रणधीर सिंह (एम. डी. - एनेस्थेसिया) - एनेस्थेटिस्ट, डॉ. ज्ञानेंद्र गुप्ता (एम. डी., पी डी. सी. सी. - क्रिटिकल केयर) - क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट, श्री संजीव चौहान - परफुसिओनिस्ट फुल टाइम उपलब्ध है। अब तक डॉ. विशाल को 7000 से अधिक कार्डियक करने का विशाल अनुभव है जो उनके नाम को सत्य चरितार्थ करता है, इसी वजह से वो अभी गंगाशील अस्पताल में डायरेक्टर - कार्डियक सर्जरी के पद पर कार्यरत है डॉ. विशाल ने अपनी दूसरी पारी के विगत ढाई वर्षो में गंगाशील अस्पताल में तक़रीबन 240 कार्डियक ऑपरेशन्स कर लिया है। चुकी पूरी टीम यहाँ फुल टाइम उपलब्ध है इमरजेंसी में अर्जेंट बाईपास सर्जरी की सुविधा बरेली में निरंतर प्रदान की जा रही है। कार्डियक सर्जरी में होने वाली नोन कॉम्प्लीकेशन्स को सँभालने हेतु मेडिसिन के अन्य ब्रांच के डॉक्टर जैसे -डॉ. प्रेम मोहन झा - नेफ्रोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट - डॉ. निशांत गुप्ता, डॉ. राहुल सिंह एवं डॉ. मो. कलीम, डॉ. सौरभ कौशिक - गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजिस्ट व अन्य सुपर स्पेशलिस्ट उपलब्ध है। अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ. निशांत गुप्ता ने बताया की चिकित्सको के अलावा उक्त सुपर स्पेशलाइज्ड ऑपरेशन को सफलता पूर्वक करने हेतु मॉडुलर ऑपरेशन थिएटर, पोस्ट सर्जरी आई सी यू, एडवांस्ड हार्ट एवं लंग मशीन, हेमिलटन वेंटिलेटर्स, अत्याधुनिक वर्क स्टेशन इत्यादि गंगाशील में उपलब्ध है। गंगाशील की कार्यकारी निदेशिका एवं वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. शालिनी में बताया की ऑपरेशन हेतु अनुभवी टेक्निशंस, आई सी यू नर्स, डायटीशियन, फ़िज़ियोथेरेपिस्ट एवं सपोर्टिंग स्टाफ के कर्मठता इस विभाग को सुचारु रूप से चलाने के लिए अत्यंत अनिवार्य है जिसको हम गंगाशील अस्पताल में पूरी जिम्मेदारी से कर रहे है।

डॉ. विशाल बताते है की बरेली में कार्डियक सर्जरी के साथ साथ ट्रांसकथेतर एओर्टिक वाल्व इम्प्लांटेशन (तावी) करने वाला गंगाशील पहला अस्पताल है। उनके पुनः ज्वाइन करने पर सी टी वी एस विभाग का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री माननीय श्री धर्मपाल जी द्वारा किया था।




कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, डॉ. एन.के. गुप्ता व अन्य



डॉ. शालिनी ने बताया कि आपरेशन हेतु अनुभवी टेक्नीशियन्स आई.सी.यू. नर्स, डायटिशियन, एवं कर्मठ विभाग द्वारा सुचारू रूप से गंगाशील अस्पताल में पूरी जिम्मेदारी से कार्य कर रहे हैं।



इमरजेंसी में भी अर्जेंट बाईपास सर्जरी की सुविधा बरेली में निरंतर प्रदान की जा रही है-डा विशाल

Advt.

# आर्थिक तंगी से परेशान बुजुर्ग ने गले में फंदा लगाकर दी जान

## छह माह पहले दुर्घटना होने पर खर्च हो गई थी सारी जमा पूंजी

संवाददाता, न्यूरिया

**अमृत विचार:** बीमारी से परेशान होकर एक बुजुर्ग ने गले में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। उनका शव खकरा पुल के पास आम के बाग में पेड़ पर लटका मिला। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया।

न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम कल्लिया निवासी श्यामलाल (55) मंगलवार सुबह दवा लेने जाने को कहकर घर से निकले थे। इसके बाद वह देर शाम तक घर नहीं लौटे तो परिवार वालों ने उनकी तलाश शुरू कर दी। इस दौरान ग्रामीणों से पता चला कि श्यामलाल मैजिक में बैठकर मझोला की तरफ जाते देखे गए थे।चालकों से जानकारी करने पर पता चला कि श्यामलाल खकरा पुल से 25 मीटर की दूर टनकपुर रोड मैजिक से उतरे थे। बुधवार सुबह परिवार वालों ने खकरा पुल की तरफ तलाशना शुरू किया। इसी दौरान आम के बाग में एक पेड़ पर श्यामलाल का शव लटका हुआ था। उनकी सूचना पर न्यूरिया पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मौके पर घटना के बारे में जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

● खकरा पुल के पास आम के बाग में पेड़ पर लटका मिला शव

> एक बुजुर्ग का शव बाग में आम के पेड़ पर लटका मिला था। वह आर्थिक के चलते परेशान थे। मामले की छानबीन की जा रही है।
> –प्रदीप बिश्नोई, एसओ न्यूरिया

बेटे लालमन ने पुलिस को बताया कि श्यामलाल का कुछ माह पूर्व एक्सीडेंट हो गया था। इसमें उनके कूल्हे के पास फ्रैक्चर हो गया था, जिससे उनका काफी इलाज चला।

परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण इलाज कराने में काफी दिक्कतें हुईं। इसको लेकर वह परेशान रहते थे। परिवार को लेकर भी चिंतित रहते थे। शायद इसी वजह से उन्होंने खुदकुशी कर ली।

### कनगवां में ग्रामीण ने की आत्महत्या

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कनगवां निवासी अशर्फीलाल (50) ने मंगलवार रात गले में फंदा लगाकर जान दे दी। बुधवार सुबह गांव के बाहर खड़े आम के बाग में ग्रामीण का शव फंदे से लटका मिला। वह सुबह को घर से निकले थे। परिजनों के तलाशने पर शव लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर जा पहुंची। परिजन ने मानसिक रूप से अस्वस्थ बताते हुए पुलिस कार्रवाई से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजन के सुपुर्द कर दिया।

# बंद मकान से डेढ़ लाख का माल उड़ा ले गए चोर

संवाददाता, पूरनपुर

● चोरों ने अन्य कई घरों में घुसने का किया प्रयास, घरवालों के जागने पर भाग गए

**अमृत विचार:** ईंट भट्ठा पर मजदूरी करने गए श्रमिक के घर से चोर जेवर और बर्तन समेत करीब डेढ़ लाख का माल समेट कर ले गए। इस घटना की जानकारी बुधवार को तब हुई जब मजदूर अपने घर लौटा।

हरीपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव टंडोला निवासी लालता प्रसाद ने बताया कि वह भट्ठा पर मजदूरी करता है। बीते माह वह मकान में ताला लगाकर गैर जनपद मजदूरी करने गया था। उसकी गैर मौजूदगी में मेनगेट का ताला तोड़कर घुसे चोर कमरे में रखा सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल, तीन बटुआ, दो पावली, एक परात, भगौना, दो पंखे, एक गैस सिलेंडर आदि सामान ले गए। बुधवार को जब वह घर लौटा तो घटना का पता चला। हरीपुर पुलिस चौकी इंचार्ज संतोष कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मौका मुआयना किया है। मामले की जांच की जा रही हैं। उधर, मंगलवार रात पंकज कॉलोनी में बृजलाल के घर छज्जे के सहारे चोरों ने घुसने का प्रयास किया। आहट होन पर परिजन जाग गए। शोर मचाने पर चोर भाग गए। राम सिंह के घर में भी चोर घुसे, लेकिन जागने पर भाग गए।

### सिपाही के घर हुई चोरी के खुलासे को एसओजी लगी

**पूरनपुर।** नगर की पंकज कॉलोनी निवासी आईजी कार्यालय में तैनात सिपाही बृजेश वर्मा के घर सोमवार रात चोरी हो गई थी। घटना के वक्त सिपाही के पिता और दो भाई घर में सो रहे थे। पिता से मिली तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बुधवार को एसओजी भी बृजेश वर्मा के घर पहुंची और चोरी की घटना की से संबंधित जानकारी की। इस दौरान दीवार पर पैरों के निशान मिले। चूंकि चोर दीवार के सहारे ही घर में घुसे थे। इसे लेकर एसओजी ने पड़ताल की। कस्बा चौकी इंचार्ज प्रद्युम्न कुमार भी साथ रहे और आसपास के लोगों से पूछताछ की। कस्बा इंचार्ज ने बताया कि पड़ताल चल रही है। एसओजी भी लगी हुई है।

### मधवापुर में दो स्थानों से हजारों की चोरी

**दियोरियाकलां।** मधवापुर मंडी में मंगलवार रात चोर दो स्थानों से हजारों का सामान समेट ले गए। यहां के धर्मवीर का खोखा शिव मंदिर के सामने है। मंगलवार रात चोरों ने खोखा काटकर उसमें रखा सामान और 10 हजार रुपये ले गए। वहीं, पड़ोस में दियोरिया गांव निवासी सुनील गुप्ता की आढ़त है, जिससे चोर दो बोरी गेहूं व तीन हजार रुपये नगदी ले गए। दोनों मामलों की तहरीर पुलिस को दे दी गई है।

# सड़क पार कर रहे बुजुर्ग दंपती को कार ने मारी टक्कर, पति की मौत, पत्नी घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अस्पताल से निकलकर चाय पीने के लिए पत्नी के साथ सड़क पार कर रहे बीमार बुजुर्ग को कार ने टक्कर मार दी। बुजुर्ग की मौत हो गई। पत्नी की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

कटरा थाना क्षेत्र के गांव खैरपुर निवासी सुलेमान(70) के सीने में मंगलवार की सुबह दस बजे दर्द उठा। परिवार वाले उसे हाईवे पर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में लेकर पहुंचे। तीमारदारी में उनका बेटा नसीम और पत्नी थीं। दोपहर करीब तीन बजे बेटा नसीम किसी कार्य से अस्पताल से चला गया। सुलेमान ने पत्नी फातिमा से कहा कि चाय पीने की इच्छा हो रही है। वह पत्नी के साथ चाय पीने के लिए अस्पताल के बाहर आ गए तभी कार ने साइड से दंपती को टक्कर मार दी। इसमें दोनों घायल हो गए। इलाज के दौरान सुलेमान ने दम तोड़ दिया तो उनकी पत्नी का उपचार जारी है। पुलिस ने बुजुर्ग के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ तिलहर प्रयांक जैन ने बताया कि मामले में तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# पूर्णागिरी जा रहे श्रद्धालुओं की कार खड़ी ट्राली से टकराई, पांच घायल

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** मां पूर्णागिरी के दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की कार खड़ी ट्राली से टकरा गई। हादसे में पांच लोग घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कन्नौज से करीब छह श्रद्धालु उत्तराखंड के माता पूर्णागिरि दरबार में दर्शन करने जा रहे थे। बुधवार सुबह पूरनपुर बंडा मार्ग पर बलरामपुर गांव के पास श्रद्धालुओं की कार खड़ी ट्राली से टकरा गई। हादसे में कार चालक काशीपुर (कन्नौज) निवासी मानसिंह पुत्र अनोखेलाल, गांव कलुआ (कन्नौज) निवासी सुनील कुमार पुत्र जसवंत सिंह, संतोष सिंह पुत्र बालकराम, रामबाबू पुत्र बंशीलाल, जतियापुर गांव निवासी शिव पुत्र रामबाबू घायल हो गए।

मौके पर भीड़ जुट गई। घायलों को कार से निकालकर पूरनपुर सीएचसी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कार चालक को झपकी आने को हादसे की वजह बताया जा रहा है।

### अनियंत्रित होकर ईको नाले में पलटी, सात जख्मी

**बीसलपुर।** बरेली मार्ग पर अनियंत्रित हुई ईको रोड के किनारे नाले में पलट गई। इसमें एक ही परिवार के सात लोग घायल हो गए। बिलसंडा क्षेत्र के मोहल्ला पुरानी गल्ला मंडी निवासी विश्वनाथ गुप्ता ने बताया कि उनका परिवार होली के बाद बरेली घूमने गया था। वहां से बुधवार सुबह ईको में सभी अपने घर लौट रहे थे। बीसलपुर–बरेली मार्ग पर एक पेट्रोल पंप के पास ईको अचानक अनियंत्रित होकर नाले में पलट गई। इससे कार के अंदर चीख पुकार मच गई। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने कार के शीशे तोड़कर गेट खोला। इसके बाद सभी को बाहर निकाला। इनमें गीता गुप्ता पत्नी स्वामी दयाल गुप्ता, मानवी गुप्ता पुत्री विकास गुप्ता, विश्वनाथ गुप्ता पुत्र रामचंद्र, राकेश कुमार पुत्र रतनलाल, ज्योति गुप्ता पुत्री राकेश गुप्ता, किरन गुप्ता पत्नी प्रमोद गुप्ता, कमलेश पत्नी विश्वनाथ हैं। सभी घायलों को सीएचसी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया।

## अमित मिश्रा बने ब्राह्मण महासभा के मंडल महामंत्री

**पूरनपुर, अमृत विचार:** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के महामंत्री पंडित तापस मिश्रा ने नगर के मोहल्ला बमनपुरी निवासी अमित मिश्रा को मंडल महामंत्री मनोनीत किया है। इसके साथ ही अमित मिश्रा को बरेली और पीलीभीत जनपद का प्रभारी भी बनाया गया है। अमित मिश्रा पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज ऑफ फार्मेसी के चेयरमैन हैं। मंडल महामंत्री बनाए जाने के बाद से अमित मिश्रा को कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।



# मझोला में होली मिलन समारोह में व्यापारी एकता पर दिया जोर



होली मिलन समारोह में संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह।

**मझोला, अमृत विचार:** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से गन्ना सोसायटी शिव मंदिर परिसर में बुधवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष डा.आस्था अग्रवाल, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी, युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल रहे। समारोह के दौरान सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। व्यापारियों से संगठित रहने की अपील की गई। इस मौके पर अंकित सिंह, अजय गोयल, प्रेम गोयल, गुलशन स्वर्णकार, अक्षय कुमार सिंह, लियाकत सलमानी, हाजी शाहिद खान आदि मौजूद रहे। इस दौरान कवि सम्मेलन भी हुआ।

# ढाबा पर काम करने गया कारीगर लापता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** एक युवक रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। वह चार दिन पहले ढाबे पर काम करने के लिए घर से निकला, जिसके बाद से उसका कुछ पता नहीं लग सका। उसके परिजन ने मोहल्ले वालों के साथ सुनगढ़ी थाने जाकर युवक को तलाश करने की गुहार लगाई। पुलिस के आश्वासन देने पर परिजन लौट गए।



लापता अजय।

शहर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी पूनम ने बताया कि उसके पति अजय कुमार मंडी समिति के पास एक ढाबे पर कारीगर है। 24 मार्च की सुबह करीब 10 बजे उसके पति घर से काम पर जाने की बात कहकर निकले थे। देर शाम तक वह वापस नहीं आए तो उनकी तलाश की गई। मगर कुछ पता नहीं चल सका। उन्होंने ढाबे पर जाकर जानकारी की तो पता चला कि उसी दिन रात करीब साढ़े आठ बजे वह घर के लिए निकले थे। इसकी तहरीर 25 मार्च को पत्नी पूनम की ओर से सुनगढ़ी थाने में दी गई। मगर अभी तक संतोषजनक कार्रवाई नहीं हो सकी है।परिजनों ने बुधवार शाम सुनगढ़ी थाने जाकर कार्रवाई की मांग की।



सुनगढ़ी थाने पहुंचे अजय के परिवार वाले। ● अमृत विचार

● परिजनों ने सुनगढ़ी थाने जाकर लगाई मदद की गुहार, पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की

परिजनों का कहना है कि अजय का किसी से कोई झगड़ा नहीं है। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय ने बताया कि युवक की गुमशुदगी दर्ज की जा चुकी है। तलाश को टीम लगी हुई है।


हर दर्द का इलाज करते हैं



डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010



ओम शान्ति हॉस्पिटल



डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः–
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)



डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े–मेढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :– ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com



डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393



डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
• डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
• दिल सम्बन्धित बीमारियां
• शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
• बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
• थायराइड, गठिया, खून की कमी
• जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
• दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
• लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
• गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक
रविवार को अवकाश रहेगा।
पता:- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्र:- 7895161674, 7906502059

रमज़ान मुबारक
सत्रहवां रोज़ा इफ्तार 28 मार्च 2024
सुन्नी - 06:25 बजे
शिया - 06:34 बजे
अठाहरवां रोज़ा सहरी 29 मार्च 2024
सुन्नी - 04:26 बजे
शिया - 04:30 बजे
नोट:- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
वारिस अली अंसारी
समाजसेवी, सदस्य जिला पंचायत
पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद
निवास : गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर खीरी

## जिले में 90 दिन में मिले 2208 टीबी रोगी, प्रधानमंत्री की 2025 तक टीबी मुक्त भारत मुहिम को लग रहा झटका

# टीबी का वार... हर रोज कर रहा 24 को बीमार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



टीबी अस्पताल की ओपीडी में मरीज देखते डॉक्टर। ● अमृत विचार

| जिले में मिले टीबी रोगी | |
|---|---|
| 2022 | 9563 |
| 2023 | 11576 |
| 2024 | जनवरी से 27 मार्च तक 2208 |
| स्वस्थ दर | 90 फीसदी |

**ये लक्षण दिखें तो जांच कराएं**

- दो हफ्ते तक लगातार खांसी आना
- बुखार और भूख न लगना
- रात में पसीना आना
- वजन में लगातार गिरावट

**अमृत विचार:** साल 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने की मुहिम को जिले में झटका लग रहा है। इसकी वजह जिले में रोजाना करीब 24 टीबी के रोगियों का मिलना है। इस साल जनवरी से लेकर 27 मार्च तक 2208 टीबी रोगी मिल चुके हैं। जबकि पिछले साल एक जनवरी से 31 दिसंबर तक 365 दिन में टीबी के 11576 मरीज मिले थे, जबकि 2022 में टीबी रोगियों की संख्या 9563 रही थी। हालांकि टीबी रोग के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी है। मगर, ग्रामीण अंचल में अभी भी लोग लापरवाह बने हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने देश को टीबी रोग मुक्त करने की मुहिम शुरू की है। इसका उद्देश्य टीबी रोगियों को खोजकर उन्हें चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराकर रोग मुक्त करना है, जिससे साल 2025 तक देश से टीबीर रोगियों का सफाया हो सके। हकीकत यह है कि मरीजों की संख्या कम नहीं हो रही है। साल 2022 में टीबी रोगियों की संख्या 9563 थी, साल 2023 में इनकी संख्या बढ़कर 11576 हो गई। वर्ष 2022 में मिले टीबी रोगियों 15 से 30 साल की उम्र के युवाओं की संख्या सबसे ज्यादा थी। इसी तरह 2023 में भी युवाओं की संख्या अधिक रही। एक अनुपात के मुताबिक टीबी रोगियों में 60 प्रतिशत पुरुष और 40 फीसद महिलाएं हैं।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि टीबी के मरीजों की संख्या बढ़ने का मुख्य कारण लोगों में जागरूकता का अभाव है। इसके अलावा अपर्याप्त और कम पौष्टिक भोजन, स्वच्छता का अभाव, कम जगह में ज्यादा लोगों का रहना, टीबी के मरीज के संपर्क में रहना व उसकी चीजों का इस्तेमाल करना है। इसके अलावा टीबी के मरीजों का कहीं भी थूकने, बिना एहेतियात के खांसने, बीच में ही दवाओं को छोड़ने से भी रोगी बढ़ते हैं। हालांकि लोगों को जागरूक करने और टीबी रोगियों को खोजने के लिए निरंतर अभियान चलाया जाता है। जिले में टीबी रोगियों के स्वस्थ होने की दर 90 प्रतिशत है।

### एक बीमार 10-12 लोगों को बनाता है शिकार

टीबी (ट्यूबरकुलोसिस) का एक मरीज 10 से 12 लोगों को रोगी बनाता है, क्योंकि उसके खांसने से आस पास मौजूद लोगों में भी सांस के माध्यम से इसके कीटाणु प्रवेश कर जाते हैं। जो धीरे धीरे टीबी का रोगी बना देते हैं।

### घबराएं नहीं, इलाज कराएं

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि रोग को न छिपाएं, यह लाइलाज नहीं है। समय पर उपचार से छुटकारा मिल सकता है। दवाओं के साथ पौष्टिक आहार भी जरूरी है। शरीर में पोषक तत्व सेहत को मजबूत करते हैं।

### यह है टीबी

टीबी एक गंभीर, संक्रामक और बैक्टीरिया से होने वाली बीमारी है जो प्रमुख रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है। यह जानलेवा हो सकती है। जिला टीबी रोग अस्पताल से लेकर सीएचसी पर इसकी जांच व इलाज पूरी तरह नि:शुल्क है।

# समय से पहले उठ जाते हैं डॉक्टर, लग जाते हैं ताले, भटकते रहते हैं मरीज

## जिला अस्पताल की ओपीडी का हाल: मरीज उपचार के लिए होते रहते हैं बेहाल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- सुबह भी समय से नहीं पहुंचते अधिकतर डॉक्टर



समय 01.30 बजे- चिकित्सकों के कक्षों में लटकता ताला। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में डॉक्टरों के न तो आने का समय निर्धारित है और न ही जाने का। शासन ने सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक ओपीडी का समय निर्धारित कर रखा है। मगर, बुधवार को डेढ़ बजे ही फिजीशियन से लेकर सर्जन के कक्ष में ताला लग गया। जिला अस्पताल प्रशासन भी डॉक्टरों की इस मनमानी पर अंकुश लगाने में नाकाम है।

दूर दराज से बेहतर इलाज की आस लेकर जिला अस्पताल आने वाले मरीजों को निर्धारित समय में भी चिकित्सीय सुविधा मिलना मुश्किल है। इसकी वजह ओपीडी से डॉक्टरों का समय से पहले उठकर चले जाना है। आलम यह है कि दोहपर एक से डेढ़ बजे के बीच में ही डॉक्टर उठकर घर चले जाते हैं। इससे ओपीडी में सन्नाटा पसर जाता है। दूरदराज से आने वाले मरीजों को असुविधा होती है।

बुधवार को यह स्थिति एक-दो चिकित्सकों की नहीं, बल्कि ओपीडी में बैठने वाले अधिकतर चिकित्सकों की रही।

**आठ से दो का समय है निर्धारित :** जिला अस्पताल प्रशासन के अनुसार ओपीडी का समय सुबह आठ से दो बजे तक निर्धारित है। इस दौरान डॉक्टर का ओपीडी में बैठना अनिवार्य है, लेकिन बुधवार को नीचे से लेकर ऊपर के ओपीडी कक्ष में ताला लगा मिला और डॉक्टर गायब मिले। सिर्कोफ ओटी में ईएनटी सर्जन डॉ. मनोज शर्मा मौजूद मिले।

> ओपीडी का समय सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक है। सुबह के समय डॉक्टर आकर पहले राउंड करते हैं उसके बाद ओपीडी में बैठते हैं। दो बजे से पहले ओपीडी में ताला लग जाने की जानकारी नहीं है। हो सकता है डॉक्टर वार्ड में मरीज देखने गए हों। बृहस्पतिवार को इसके बारे में जानकारी की जाएगी। इसके बाद जल्दी गायब होने वालों से जवाब तलब होगा। - **डॉ. आईके राम चंदानी**, सीएमएस जिला अस्पताल।

### बोला स्टाफ, एक दिन का नहीं रोज का है ये हाल

अस्पताल के कर्मियों का कहना है कि यह हाल रोज का है। कुछ डॉक्टर एक बजे ही उठकर चले जाते हैं। बता दिया जाता है कि डॉक्टर राउंड करने गए हैं। जबकि हकीकत में वह घर जा चुके होते हैं। रोजाना एक से डेढ़ के बीच ओपीडी में ताला लग जाने के बारे में मरीज भी जान चुके हैं। इसलिए एक बजे के बाद मरीज भी नाम मात्र में ही आते हैं।

## जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को दिया गया प्रशिक्षण

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण कार्यशाला हुई। इसमें खीरी व धौरहरा लोकसभा क्षेत्र के सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट, मास्टर ट्रेनर को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि निर्वाचन में लगे सभी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का कुशलतापूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने ईवीएम का प्रशिक्षण देकर सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट से सवाल जवाब किए। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट के बारे में व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण व ईवीएम उपकरणों के संचालन की जानकारी दी। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि जोनल व सेक्टर ऑफिसर सौंपे गए दायित्वों का सजगता, सतर्कता व विवेकपूर्ण तरीके से निर्वहन करें। प्रशिक्षण कार्यशाला में एडीएम संजय सिंह, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. मनीष चंद्र सहित 53 मास्टर ट्रेनर, 24 जोनल मजिस्ट्रेट, 207 सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

# गोला से पूर्णागिरि के लिए चलने लगी बस

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- गोला डिपो से टनकपुर के लिए बस- सुबह सात और आठ बजे
- लखीमपुर डिपो से टनकपुर के लिए गोला डिपो की बस- सुबह 07:25 बजे

**अमृत विचार :** पूर्णागिरि मेले के लिए गोला डिपो से मेला स्पेशल बसों का संचालन शुरू हो गया है। सोमवार को दो और मंगलवार को तीन बसें टनकपुर के लिए रवाना हुई। एआरएम ने बताया कि श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने पर बसों की संख्या भी बढ़ा दी जाएगी।

होली के बाद पूर्णागिरि का मेला शुरू हो जाता है। जो तीन माह तक चलता है। अधिकतर श्रद्धालु होली वाले दिन रंग खेलने के बाद माता के दर्शन के लिए निकल जाते हैं। ट्रेन की सुविधा न होने के कारण श्रद्धालुओं के लिए एक मात्र विकल्प रोडवेज बसें ही हैं। पूर्णागिरि मेले को लेकर गोला डिपो प्रशासन ने भी तैयारी कर बस संचालन शुरू कर दिया है। भक्तों को माता के दरबार तक पहुंचाने के लिए सोमवार को दो और मंगलवार दोपहर तक तीन बसें रवाना की गई। गोला डिपो के एआरएम महेंद्र चंद्र कमल ने बताया कि गोला से टनकपुर के बीच तीन से चार बसों का संचालन शुरू कर दिया गया है। श्रद्धालुओं की संख्या के मुताबिक बसों का संचालन होगा। इसके लिए केंद्र प्रभारी को निर्देशित कर दिया गया है।

### लखीमपुर डिपो से बस न होना मुसीबत

लखीमपुर से टनकपुर तक न तो कोई रोडवेज की बस है और न ही ट्रेन सुविधा। ऐसे में पूर्णागिरि जाने वाले भक्तों को काफी असुविधा होती है। भक्तों को मां के दरबार तक जाने के लिए या तो वाहन बुक कराना पड़ता है या फिर अन्य वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में समय के साथ पैसा भी अधिक खर्च कर असुरक्षित यात्रा करने के लिए मजबूर होते हैं। हालांकि गोला डिपो की एक बस सुबह टनकपुर जाती है, जो रात में लखीमपुर आकर सुबह 07:25 पर निकलती है। इसके बाद अन्य कोई सीधी बस न होने से श्रद्धालुओं को दिक्कत होती है।

## निजी अस्पताल में प्रसूता की मौत, इलाज में लापरवाही का आरोप

**पलियाकलां, अमृत विचार :** नगर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार को एक प्रसूता की मौत हो गई। परिजन इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। पति की तहरीर पर पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

कस्बा के मोहल्ला रंगरेजान निवासी मनोज दिवाकर पुत्र राम प्रसाद ने बताया कि 25 वर्षीय पत्नी सिलोचना गर्भवती थी। प्रसव के लिए सेवा सदन अस्पताल में पत्नी को भर्ती कराया था। वहां पर ऑपरेशन से बेटी का जन्म हुआ। मगर, बुधवार को इलाज के दौरान पत्नी सिलोचना की मौत हो गई। पति का आरोप है कि पत्नी की मौत इलाज में लापरवाही बरतने से हुई है। कोतवाली प्रभारी विवेक उपाध्याय ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय पर भेज दिया है। मामले की जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी। उधर, अन्य भर्ती मरीजों को सीएचसी पलिया में शिफ्ट करवा दिया गया है।

## दिव्यांग यूनियन ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

- सिपाहियों पर कार्रवाई न हुई तो करेंगे आंदोलन

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** दिव्यांग यूनियन के तहसील अध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने सीओ अजेंद्र कुमार यादव को दिए ज्ञापन में कहा है कि संसारपुर निवासी दिव्यांग ओमवीर गुप्ता 26 मार्च की सुबह संसारपुर चौकी के पीछे होली खेल रहे पुलिस कर्मियों को देख रहा था। सिपाही राजकुमार और जागेंदर सिंह वीडियो बनाने का आरोप लगाते हुए घसीटते हुए उसे पुलिस चौकी ले गए और पिटाई की। उसकी एक आंख में गंभीर चोटें आ गई। पुलिस को तहरीर दी गई, किंतु रिपोर्ट लिखना तो दूर पुलिस ने दिव्यांग का मेडिकल तक नहीं कराया। दिव्यांग यूनियन के पदाधिकारियों ने आरोपी सिपाहियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। सीओ अर्जेंद्र कुमार यादव का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में है। प्रकरण की जांच की जा रही है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## होला महल्ला समागम में शामिल कारसेवकों को दी विदाई

संवाददाता, महंगापुर

**अमृत विचार:** गुरुद्वारा नानक पियाऊ महंगापुर में चल रहे तीन दिवसीय होला महल्ला महान गुरमत समागम के समापन के अगले दिन देश व विदेश से पहुंची संगत द्वारा की गई सेवा पर संत बाबा गुरनाम सिंह ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर व प्रसाद सहित मिष्ठान देकर विदाई दी।

गुरुद्वारा महंगापुर में संत बाबा घोला सिंह की सरपरस्ती व संत बाबा गुरनाम सिंह की अगुवाई में होला महल्ला विशाल गुरमत समागम 24 से 26 तक आयोजित किया गया। इसमें इंग्लैंड, कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, हांककांग, इटली सहित कई देशों व हरियाणा, पंजाब सहित अन्य राज्यों से काफी संख्या में संगत ने पहुंचकर हिस्सा लेकर माथा टेककर गुरुवाणी सुनकर सेवा करके खुशियां प्राप्त की। कार्यक्रम समापन के पश्चात गुरमत समागम में चाय, लंगर सहित अलग अलग सेवा करने वाली संगत को संत बाबा गुरनाम सिंह ने शॉल व प्रसाद मिष्ठान विदाई देते हुए कहा नाम के रंग में रंगे रहने से जीवन में अपार खुशियां प्राप्त होती है।

### ये लोग रहे मौजूद

बाबा कुलदीप सिंह, बाबा शिंकू वीर, जत्थेदार बाबा जरनेल सिंग, बाबा अमरीक सिंह, बाबा गुरपेज सिंह, सेवादार गुरप्रीत सिंह भिंडर, गुरुद्वारा मैनेजर गुरविंदर सिंह, प्रधान तीर्थ सिंह, गोल्डन फ्लावर एमडी जसमेल सिंह मांगट, हरप्रीत सिंह हैप्पी, धालीवाल प्रधान गुरमीत सिंह, गुरदीप सिंह, प्रधान प्रतिनिधि मंजीत सिंह, मैनेजर सर्वजीत सिंह, अमन मांगट, प्रधान जितेंद्र सिंह लाडा, सुखबिंदर सिंह, प्रधान प्रतिनिधि बिंदर सिंह, प्रीतपाल सिंह, मिट्ठू, पाला सिंह, सोमा सिंह, मंदीप सिंह बंटी आदि मौजूद रहे।



कारसेवकों को विदाई देते संत बाबा गुरनाम सिंह और मौजूद संगत। ● अमृत विचार

# कमिश्नर ने मतदान केंद्रों पर लिया तैयारियों का जायजा



गदनियां मतदान केंद्र का निरीक्षण करती कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब।

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार को कमिश्नर डॉ, रोशन जैकब बुधवार को पलिया पहुंची। उन्होंने भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बूथों का निरीक्षण किया। वहां मौजूद व्यवस्थाओं की पड़ताल की और संबंधितों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

कमिश्नर रोशन जैकब ने एसडीएम कार्तिकेय सिंह और सीओ यादवेंद्र के साथ गांव गदनियां के साथ ही भारत-नेपाल सीमा पर स्थित मतदेय स्थल कमलापुरी कॉलोनी, भानपुरी कॉलोनी के बूथों का निरीक्षण किया और मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदेय स्थलों पर सामान्य सूचनाओं के अंकन, विद्युत कनेक्शन, उचित क्षमता की लाइट व पंखे, प्रसाधन, पेयजल, हैंडपंप, रैम्प, साफ-सफाई, नेटवर्क की उपलब्धता आदि जांची। इसके अलावा मतदान केंद्रों पर सामान्य सूचनाओं एवं टोल फ्री नंबर 1950 का अंकन, ईपिक वितरण इत्यादि का सत्यापन किया और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने लोगों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति शराब, रिश्वत या जोरजबरदस्ती करके किसी के पक्ष या फिर विपक्ष में वोट डालने का प्रयास करता है, तो इसकी शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से जरूर करें।

उन्होंने बुजुर्गों से अपील करते हुए कहा कि मतदान दिवस (13 मई) के दिन इस बात का प्रयास करें कि परिवार के सभी सदस्य वोट देने जायें। यदि परिवार में कोई ऐसा सदस्य है जो कि शारीरिक रूप से कमजोर है तो परिवार के लोगों को चाहिए कि मतदान के लिए जाते समय उनको भी अपने साथ ले जायें। इसके बाद उन्होंने भारत-नेपाल सीमा के पिलर नंबर 211 का एसएसबी, राजस्व और पुलिस टीम के साथ निरीक्षण किया।

आयुष्मान कार्ड धारकों का नि:शुल्क ऑपरेशन व इलाज
डॉ. कुशाग्र सिंह
MBBS, M.S. (Surgery), FMAS, DMAS
लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
दूरबीन द्वारा आपरेशन के विशेषज्ञ
7983368142
पं.दीन दयाल उपाध्याय कार्डधारकों का नि:शुल्क ऑपरेशन व इलाज
नि:शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन, हर भारतवासी का-रविवार व बुधवार
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
● पित्त की पथरी ● पित्त की नली की पथरी ● अपेन्डिक्स ● हार्नियाँ
● पेशाब नली की पथरी (PCNL, URSL) ● बच्चेदानी व रसौली ● आबेरियन सिस्ट
● एक्टापिक प्रगनेन्सी ● गदूद ऑपरेशन (TURP) ● पेट की जाँच।
● महिला ऑपरेशन स्त्री रोग डाक्टर की देख-रेख में
● गम्भीर मरीजों के लिए ICU एवं वेन्टीलेटर ● मात्र एक टीका और ऑपरेशन
नवजात शिशु कहीं भी पैदा हो?
आयुष्मान कार्ड धारक पिता अथवा माताओं के नवजात शिशुओं का नि:शुल्क इलाज नर्सरी (NICU) में
महेन्द्र-गायत्री हॉस्पिटल
निकट कुदेशिया फाटक, इज्जतनगर, बरेली-9411090551

रामस्वरूप त्रिपाठी सेवा संस्थान द्वारा संचालित
05870357120
9140089004
विद्या कुँवरि स्मारक
सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कालेज
माध्यमिक शिक्षा परिषद-उ०प्र०, प्रयागराज द्वारा विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी वर्ग में अंग्रेजी/ हिन्दी माध्यम से मान्यता प्राप्त
अर्जुन नगर कॉलोनी, लखीमपुर रोड, गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर (खीरी) उ. प्र.
शिक्षण सत्र 2024-25 हेतु नर्सरी से सभी कक्षाओं में प्रवेश प्रारम्भ
वर्ष 2023 में उच्च शिक्षा/ सेवा में चयनित
स्मृति अग्रवाल - चार्टर्ड एकाउन्टेंट
शिवम वर्मा - सतर्कता अधिकारी (NCB)
आयुष वर्मा - जिला सूचना अधिकारी
उदय प्रताप सिंह - गृह मंत्रालय
दीपशिखा - एम॰बी॰बी॰एस॰
मयंक शेखर श्रीवास्तव - आबकारी निरीक्षक
जनपद की टॉप टेन मेधावी सूची - 2023 में सर्वाधिक 5 विद्यार्थी इसी विद्यालय से चयनित
मधु त्रिपाठी - प्रावार्या (बालिका विभाग)
महेन्द्र कुमार त्रिपाठी - प्राचार्य (माध्यमिक विभाग)
प्रवेश फार्म विद्यालय कार्यालय में उपलब्ध

# डीएम-एसपी के हस्तक्षेप से निपटा रास्ते का विवाद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर शिकायत करने पहुंचा पीड़ित परिवार। ● अमृत विचार

- अफसरों ने मौके पर जाकर हटवाया अवैध कब्जा

**अमृत विचार:** थाना खीरी के गांव मरखापुर में रास्ते को लेकर चल रहे विवाद को लेकर एक पक्ष की महिला बच्चों व परिवार के अन्य लोगों के साथ बुधवार को एसपी कार्यालय पहुंची। विपक्षियों पर रास्ता बंद करने का आरोप लगाया। इसके बाद महिला डीएम से मिली और अपनी पीड़ा बताई। डीएम ने सीओ मितौली के नेतृत्व में तहसीलदार सदर व एसओ खीरी की टीम गठित कर मौके पर भेजी। टीम ने शिकायत सही मिलने पर रास्ते पर कब्जे को हटवा दिया।

गांव मरखापुर निवासी रामा पत्नी श्याम लाल डीएम और एसपी को बताया कि वह गरीब महिला है। प्रधानमंत्री आवास बनाकर रह रही है। गांव के नौ फिट चौड़े आम रास्ते पर विनोद ने खूंटे गाड़कर तार बांध रखा है। पेड़ काटकर रास्ते पर लकड़ी लगा दी है और जानवर बांधते हैं, इससे उसके परिवार का रास्ता बंद हो गया है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने शिकायत को गंभीरता से लिया। सीओ मितौली अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की, जिसमें तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह और एसओ खीरी अजीत कुमार को शामिल कर राजस्व टीम को मौके पर भेजा। टीम की जांच में शिकायत सही मिली। इस पर बंद किए गए रास्ते को खुलवा दिया।

Affiliation No. 2133588 School No. 71740
CBSE Board New Delhi
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
For the bright future of your child join
ADMISSION OPEN
Play Group to 10th
Salient Features
● Rich Library and well equipped Chemistry Lab ● Physics Lab, Bio Lab. and Computer Lab ● Well Decorated Pre-Nursery wing for little Angles ● Smart Badminton & Volleyball ● Creative and innovative method of teaching ● Ventilated and Spacious Class Rooms ● Experienced, dedicated & Caring staff ● Emphasis on Co-Curricular activities ● Ideal Infrastructure ● Special Classes for weak Students ● Regular Parent-Teacher meeting ● Monthly test for all subject and classes
Transport Facility on all Existing Routes.
Vision
Aim at Providing of fun filled & joyful learning experience so that the child can achieve success during the later period of their life.
Raghuveer Singh Yadav
Director
Esteemed Branches
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Behjan Road, Goomchini, Lakhimpur-Kheri
Contact No. : 9161307744, 9450218375
e-mail : vgsagoomchini@gmail.com
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Ram Nagar Colony, Lakhimpur-Kheri
Contact No. 9648812666, 9598578916
Web : www.vivekgyansthaliacademy.com

अम्बा हैल्थ क्लीनिक
ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 31 मार्च 2024, रविवार
21 अप्रैल 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# छत पर पड़े जाल में साड़ी के फंदे से लटका मिला महिला का शव

• घर पर अकेली थी महिला, मेहमानी से लौटा बेटा तो हुई जानकारी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** गांव सैदापुर में एक बेवा का शव उसी के घर आंगन की छत में पड़े लोहे के जाल से लटका मिला है।

गांव सैदापुर निवासी अर्चना (34) के पति मुकेश की करीब पांच साल पहले मौत हो चुकी है। वह अपने तीन बच्चों के साथ घर पर रह रही थी। मंगलवार की सुबह उसके तीनों बच्चे मेहमानी गए हुए थे। अर्चना घर पर अकेली थी। बुधवार को जब बड़ा पुत्र गुडड् सुबह घर आया तो मेन दरवाजा खुला था। जब वह अंदर गया तो देखा कि उसकी मां का शव आंगन की छत में पड़े जाल से लटक रहा था। उसके गले में साड़ी का फंदा कसा था। यह देख घर में चीख पुकार मच गई थी। घटना की सूचना पर पुलिस और मृतका के मायके वाले भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उधर मायके वालों ने हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। चौकी इंचार्ज लल्ला सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

गुप्त रोगी मिलें
डा. मौर्य
जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन
बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# सड़क से उतरी तेज रफ्तार निजी बस, पांच यात्री घायल

## बस में सवार थे 35 यात्री, सीतापुर की तरफ जा रही थी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

• गांव चिमनी के पास हुआ हादसा मची रही अफरा-तफरी
• लोगों ने चालक को पकड़कर जमकर पिटाई कर दी



लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन से उतरी बस। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** लखीमपुर से सीतापुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर फोरलेन से नीचे खाई में उत्तर गई और पलटते-पलटते बची। बस में सवार पांच यात्री घायल हा गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

हादसा बुधवार की सुबह करीब 9:25 बजे हुआ। शहर के एलआरपी चौराहा से सवारियां भरकर एक निजी बस सीतापुर की तरफ जा रही थी। बस में 35 सवारियां थीं। शहर से करीब छह किलोमीटर दूर गांव चिमनी के पास चालक का नियंत्रण स्टेयरिंग से हट गया और बस फोरलेन किनारे खाई में होते हुए एक प्लाट में जा घुसी। बस के अचानक खाई में उतरता देख सवारियों में चीख पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण के साथ ही राहगीर भी मौके पर पहुंच गए। गुस्साए लोगों ने चालक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई की। घटना की सूचना पाकर एसओ खीरी अजीत कुमार, ओयल चौकी इंचार्ज लल्ला गोस्वामी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया। वहीं हादसे में घायल हुए लखीमपुर के मोहल्ला ईदगाह निवासी अनुज गुप्ता, शिवाला पुरवा निवासी साजिदा खातून, बनवारीपुर निवासी जासमा बानो, लखीमपुर निवासी शिक्षिका अजरा व चालक जगदीश को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# रंग खेल रही युवती को कमरे में खींचकर दुष्कर्म का प्रयास

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** एक गांव में दबंग युवक होली के दिन रंग खेल रही युवती को कमरे में खींच ले गया और कमरा बंद कर दुष्कर्म करने की कोशिश की। युवती के शोर मचाने पर भाग गया। पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर दी। दो दिन बाद भी कार्रवाई न होने पर गृह राज्य मंत्री से गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में होली के दिन रंगो की मस्ती चल रही थी। पीड़िता की मां का कहना है कि उनकी बेटी दरवाजे पर अपनी सहेलियों के साथ अबीर गुलाल लगा रही थी। गांव का ही एक युवक उनके बीच पहुंच गया और उनकी बेटी को कमरे में खींचकर अंदर से कुंडी लगा ली। दुष्कर्म की कोशिश की। बेटी के शोर मचाने पर भाग गया और कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी है। महिला का कहना है कि वह तत्काल कोतवाली पहुंची। पुलिस को तहरीर दी, पर दो दिन तक कुछ सुनवाई नहीं हुई तब उसने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के दफ्तर पहुंचकर आरोपी पर कार्रवाई के लिये न्याय की गुहार लगाई है।

# बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत, दूसरा घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** परसिया घाट पुल के पास दो बाइकों में टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कोतवाली सदर के गांव कोपा निवासी चन्द्रिका प्रसाद (35) दो दिन पूर्व अपनी रिश्तेदारी में गए थे। बुधवार की दोपहर बाद वह अपनी बाइक से घर वापस जा रहे थे। परसिया घाट पुल के पास सामने से आ रहे शारदा नगर थाना क्षेत्र के गांव रैगवा निवासी कनौजी लाल की बाइक से उसकी बाइक में सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज हुई कि दोनों बाइक सवार उछल कर दूर जा गिरे। हादसे में चन्द्रिका प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कनौजी लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को आनन फानन में एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। चन्द्रिका प्रसाद की मौत की सूचना मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया।

# नौ नामजद व अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

• मंगलवार को दो पक्षों के बीच चले थे ईंट-पत्थर, कई राउंड फायरिंग

**अमृत विचार:** थाना नीमगांव के गांव वैबहा में मंगलवार की शाम दो पक्षों के बीच मारपीट, पथराव और कई राउंड फायरिंग के मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी, जिस पर पुलिस ने एक पक्ष के चार लोगों को नामजद कर कुछ अन्य व और दूसरे पक्ष के पांच लोगों के नामजद बलवा, जानलेवा हमला समेत अन्य कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है।

थाना नीमगांव क्षेत्र की बेहजम पुलिस चौकी के गांव वैबहा में दो पक्षों के बीच काफी समय से वर्चस्व को लेकर लड़ाई चली आ रही है। मंगलवार को भी दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। इस दौरान ईंट-पत्थर चले और कई राउंड फायरिंग हुई। इससे गांव में हड़कंप मच गया। फायरिंग होने से दहशत में आए आसपास के लोग दरवाजे बंद कर अपने घरों में दुबक गए थे। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाना नीमगांव पुलिस को तहरीर दी है। एक पक्ष के अनमोल वाजपेयी का कहना है कि मंगलवार की शाम करीब करीब चार वजे होली मिलने व मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। रास्ते में गांव के ही ब्रम्हदेव, आशीष, जयप्रकाश, सरोज सुमन ने जान से मार डालने की नियत से हमला उस पर हमला कर दिया। गांव जम्हौरान निवासी राकेश ने तीन राउंड फायर किए। फायर करते हुए फुटेज सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। आरोपियों ने ईंट पत्थर भी चलाए हैं।

दूसरे पक्ष के पूर्व प्रधान ब्रम्हदेव की पत्नी रश्मि देवी ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि शाम करीब चार बजे गांव के अमित कुमार, अवधेश कुमार, अनमोल वाजपेई, विवेक वर्मा अन्य लोगों के साथ आए और घर पर दो राउंड फायरिंग की। पथराव किया, जिससे कुछ लोगों को चोटें भी आईं हैं। आरोप है कि पहले भी कई बार यह लोग हमला कर चुके हैं। पुलिस ने अनमोल वाजपेई की तहरीर पर दूसरे पक्ष के ब्रह्मदेव, आशीष, जय प्रकाश, सरोज सुमन और राकेश के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 307, 352, 336 और दूसरे पक्ष की रश्मि देवी की तहरीर पर अमित कुमार, अवधेश कुमार, अनमोल वाजपेई, विवेक वर्मा व कुछ अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 336 और 307 के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। एसओ श्रद्धा सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# बुजुर्ग महिला की तालाब में डूबकर मौत

**बेहजम, अमृत विचार :** थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव बभनाबाद निवासी बेदराम राम की पत्नी शांती यादव (60) बुधवार को घर से सुबह करीब नौ बजे खेतों की तरफ गई थी। दोपहर करीब दो बजे तक जब वह घर वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान गांव के पश्चिम स्थित तालाब में शांति का शव उतराता हुआ दिखाई दिया। इससे परिवार में चीख-पुकार मच गई।

तमाम लोग मौके पर पहुंच गए और शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव तालाब से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। परिवार के लोगों ने बताया कि शांति यादव का काफी समय से दिमाग की संतुलन ठीक नहीं था, जिसका इलाज भी चल रहा था।

# रंजिशन लगाई आग से आठ बीघा गन्ना जला

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



अयोध्यापुर में आग लगने से जला गन्ना।

• गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

**अमृत विचार:** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अयोध्यापुर में एक किसान के खेत में आग लगा देने से आठ बीघा गन्ना जल गया है। पीड़ित ने गांव के ही पांच लोगों पर रंजिशन आग लगा देने के आरोप की तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र के ग्राम अयोध्यापुर में किसान गंगाराम पुत्र हेमनाथ का चीनी मिल में सप्लाई करने और बीज के लिये आठ बीघा गन्ना छोड़ा था, जो आग लगने से जल गया है। गंगाराम का कहना है कि उनके गन्ने में रंजिशन आग लगाई गई है। गांव के मामूली विवाद में उन्हें धमकी दी गई थी कि फसल को आग लगा दी जाएगी। गंगाराम ने गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ रंजिशन आग लगाने की पुलिस को तहरीर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि गंगाराम जिन पर आरोप लगा रहे हैं, उनसे पहले से ही विवाद चल रहा है। उन लोगों ने गंगाराम के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। फिलहाल हैदराबाद पुलिस मामले की छानबीन करने में लग गई है।

# बिना अनुमति हो रही नौटंकी में मारपीट, टूटीं कुर्सियां

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** बिना अनुमति हो रही नौटंकी में आगे बैठने को लेकर ससुराल में आए दामाद और गांव के लोगों में विवाद बढ़ने पर दामाद की पिटाई कर दी। इस पार मामला पुलिस तक पहुंच गया। हालांकि तहरीर न मिलने की बात कहते हुए पुलिस ने पल्ला झाड़ लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चौरठिया में बिना अनुमति नाटक नौटंकी कराई जा रही थी। नाते रिश्तेदार आए थे। नृत्य शुरू हुआ तो शराब के नशे में गांव के लोग झूमने लगे। इसी बीच ससुराल आए एक दामाद का आगे बैठने को लेकर कुछ ग्रामीणों से विवाद हो गया। मारपीट होने लगी। दबंगों ने 112 पुलिस की भी परवाह नहीं की और दामाद से मारपीट करते रहे। मारपीट में कईं कुर्सियां टूट गईं। गांव के लोग बताते हैं कि दबंग बीते कई वर्षो से होली के रंग मे भंग डालते रहे हैं। अलीगंज चौकी इंचार्ज सतीशचंद्र दिवेदी ने बताया कि मारपीट की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दबंगो को पकड़ कर रात में ही थाने ले आई, किंतु पीड़ित मुकदमा लिखाना नहीं चाहता था, जिससे पुलिस कुछ नहीं कर पाई।

# पंखे में करंट से ग्रामीण की मौत

**मितौली।** भीखमपुर निवासी संतराम (58) की पत्नी छुन्नी देवी प्राथमिक विद्यालय भीखमपुर में रसोइया पद पर तैनात है। वह स्कूल गई थीं। घर पर संतराम ने गर्मी लगने के कारण फर्राटा पंखा चला दिया। पंखा अचानक उनके ऊपर गिर गया, जिससे उसमें उतरे करंट की चपेट में आने से संतराम की मौके पर मौत हो गई। विद्यालय से छुट्टी होने पर पत्नी घर पहुंची तो पति का शव देख वरोने-बिलखने लगी। इस पर भीड़ जुट गई।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन



दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।
लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन
हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.वी.एच.*"राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## अमृत विचार क्लासीफाइड

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम VANITA JOHRI था जिसे बदलकर अब मैंने VINITA JOHRI रख लिया है। भविष्य में मुझे VINITA JOHRI नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **विनीता जौहरी पत्नी समीर जौहरी निवासी म.नं. 171, मो. खकरा शहर पीलीभीत।**

### सूचना

मैंने अपने बड़े पुत्र मो. शाहरूख व शाहरूख का पुत्र मो. उवैस व पुत्रवधु निशा को गलत संगत, गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण इनसे सम्बन्ध विच्छेद करते हुए इनको अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **शहनाज बेगम पत्नी स्व. मो. नवी, निवासी-ग्राम अभयपुर, केसोपुर, थाना भोजीपुरा, तह. व जिला बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

